दिनांक : 04.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा भ्रष्टाचार का एक पर्याय बन चुका था, जहां श्रमिकों को दरकिनार कर उनका शोषण किया जाता थां आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण–जी राम जी क़ानून को लेकर जनता को गुमराह कर रही हैं श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी क़ानून श्रमिकों के हित में है क्योंकि इसमें बढे हुए भुगतान, बेरोजगारी भत्ते, विलंबित भुगतान पर ब्याज और सौ की तुलना में सवा सौ दिन के रोजगार की गारंटी दी गई हैं श्री चौहान ने कहा कि इनसे श्रमिकों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और वे गांवों में सार्थक योगदान भी दे सकेंगें

....

विकसित भारत–जी राम जी योजना को लेकर प्रदेशभर में इन दिनों जागरुकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं इसी कड़ी में कृषि विज्ञान केन्द्र जैसलमेर की ओर से धौलासर और राजमथाई गांवों में कार्यक्रम रखे गयें इस दौरान प्रसार वैज्ञानिक सुनील शर्मा ने ग्रामीणों को योजना के मुख्य बिंदुओं की जानकारी दी और इसके लाभों से अवगत करायां

....

राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट आज से जयपुर में आयोजित की जा रही हैं सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 6 जनवरी तक चलने वाले इस सम्मेलन में कई देशों से हजारों विजनरी, निवेशक और स्टार्टअप संस्थापक भाग ले रहे हैं समिट का उद्‌घाटन सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ करेंगें इस दौरान प्रदेश की अगले दशक की डिजिटल ग्रोथ के रोडमैप को प्रस्तुत किया जाएगां

....

अलवर में अगले महीने आयोजित होने वाली टाइगर मैराथन को लेकर केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कल अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दियें उन्होंने अलवर के चहुंमुखी विकास और पर्यटन को आगे बढाने में जनसहभागिता के लिए अधिकारियों से समन्वय के साथ काम करने को कहां गौरतलब है कि जिले में पर्यटन को बढाने और स्वच्छता के संदेश के साथ 8 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर की अलवर टाइगर मैराथन आयोजित की जाएगीं

....

जयपुर में चल रहे सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले का आज समापन हो रहा हैं आखिरी दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की जाएगी और पुरस्कार दिये जाएंगें शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर बॉलीवुड गायक अपनी प्रस्तुति देंगें कार्यक्रम को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा हैं मेले में हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में लाइव डेमो के जरिये पारंपरिक कलाओं की बारीकियां भी देखने को मिलीं मेले में बड़ी संख्या में जयपुर सहित विभिन्न जिलों से खरीदारों की भीड़ बनी रहीं

....

गुरू गोबिंद सिंह पर्व के उपलक्ष में आज प्रदेशभर में शबद कीर्तन और प्रभात फेरी सहित कई आयोजन हो रहे हैं पाली में सूरजपोल स्थित गुरूद्वारे को आकर्षक ढंग से सजाया गया हैं वहां शबद कीर्तन के साथ लंगर बरता जा रहा हैं भीलवाड़ा में बड़ला चौराहा स्थित गुरूद्वारे में बड़ी संख्या में सिक्ख धर्मावलंबी पहुंच रहे हैं उधर, भरतपुर में निकाली गई प्रभात फेरी का कई जगह विभिन्न संगठनों की ओर से फूल बरसा कर स्वागत किया गयां

....

प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया हैं मैदानी इलाकों के साथ ही सरहदी जिलों में भी पड़ रही तेज सर्दी ने जनजीवन प्रभावित कर रखा हैं मौसम विभाग ने नौ जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया हैं प्रदेश के पांच जिलों में शीतलहर चलने की चेतावनी दी गई हैं सीकर जिले के फतेहपुर में बीते 24 घंटों में न्यूनतम तापमान 1 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस मापा गयां वहीं माउंट आबू में रात का तापमान जमाव बिंदु पर पहुंच गयां

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राज्य में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहेगां अगले दो–तीन दिनों में कुछ हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना हैं

....